# बंदूक की नोंक पर विकास कार्यों का जायजा!

# सतना में संविदा उपयंत्री का रौब झाड़ता वीडियो

## जिला पंचायत सीईओ ने थमाया कारण बताओ नोटिस, 22 जून तक मांगा जवाब; निरस्त हो सकती है संविदा सेवा

सतना। जनपद पंचायत मझगवां में पदस्थ एक संविदा उपयंत्री (सब-इंजीनियर) का खुलेआम बंदूक लेकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने का एक सनसनीखेज वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। रसूख और खौफ का प्रदर्शन करते उपयंत्री का यह वीडियो सामने आने के बाद प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया है।मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) ने आरोपी उपयंत्री को कारण बताओ नोटिस जारी कर कड़ी कार्रवाई के संकेत दिए हैं।



### सरपंच-सचिव के सामने लहराई बंदूक

प्राप्त जानकारी के अनुसार,मझगवां जनपद के अंतर्गत ग्राम पंचायत हिरौदी में संविदा उपयंत्री सतीश कुमार समेले मनरेगा व अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान गांव के सरपंच और सचिव भी मौके पर मौजूद थे। वायरल वीडियो में उपयंत्री सतीश कुमार हाथ में बंदूक थामे हुए बेहद रौबदार अंदाज में निरीक्षण करते नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने और ग्रामीणों द्वारा इसकी लिखित शिकायत दर्ज कराने के बाद प्रशासन ने इसे संविदा सेवा शर्तों का खुला उल्लंघन माना है।

### आर्म्स एक्ट के तहत होगी जांच,शस्त्र लाइसेंस पर भी संशय

प्रशासन द्वारा जारी नोटिस के मुताबिक,उपयंत्री के इस कृत्य की सघन जांच के लिए अपर कलेक्टर एवं अपर जिला दण्डाधिकारी (एडीएम) सतना से संपर्क किया जा रहा है। जांच में मुख्य रूप से दो बिंदुओं पर सत्यापन कराया जाएगा

### उपयंत्री के पास मौजूद हथियार लाइसेंसी है या अवैध?

यदि हथियार लाइसेंसी है,तो क्या इसका इस तरह प्रदर्शन करना आयुध अधिनियम (आर्म्स एक्ट) के प्रावधानों के अनुकूल है? इसके साथ ही,प्रशासन इस कानूनी पहलू का भी परीक्षण कर रहा है कि किसी लोकसेवक (पब्लिक सर्वेंट) द्वारा शासकीय दायित्वों के निर्वहन के दौरान इस प्रकार सरेआम शस्त्र लेकर भ्रमण करना वैधानिक है या यह सीधे तौर पर दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है।

### पहले भी मिल चुकी हैं शिकायतें

जिला पंचायत कार्यालय के अनुसार,उपयंत्री सतीश कुमार समेले का विवादों से पुराना नाता रहा है। इससे पहले भी विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंचों,सचिवों,ग्राम रोजगार सहायकों (जीआरएस) और आम ग्रामीणों द्वारा उनके अड़ियल और तानाशाही रवैये की शिकायतें वरिष्ठ अधिकारियों से की जा चुकी हैं।

### 22 जून तक का अल्टीमेटम,सेवा समाप्ति की तलवार

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि ड्यूटी के दौरान इस प्रकार का आचरण घोर अनुशासनहीनता, लापरवाही और उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना है,जो मनरेगा संविदा सेवा शर्तों के सर्वथा विपरीत है। जिला पंचायत सीईओ ने उपयंत्री समेले को निर्देशित किया है कि वे 22 जून 2026 तक कार्यालय में उपस्थित होकर इस कृत्य के संबंध में अपना तथ्यात्मक एवं सप्रमाण स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। प्रशासन ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समय-सीमा के भीतर जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया,या दिया गया स्पष्टीकरण असंतोषजनक पाया गया,तो उपयंत्री के विरुद्ध संविदा समाप्ति सहित सख्त वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## खबर संक्षेप

### शासकीय आईटीआई छतरपुर में कल कैंपस ड्राइव

**आईटीआई पास युवाओं को मिलेगा रोजगार का अवसर**

**छतरपुर**। जिले के आईटीआई उत्तीर्ण युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर उपलब्ध होने जा रहा है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई), छतरपुर में 23 जून 2026 को प्रातः 10 बजे से हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड, नीमराना (राजस्थान) द्वारा कैंपस ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। यह भर्ती प्रक्रिया शासकीय आईटीआई परिसर, बड़ी बगराजन देवी मंदिर के पास, महोबा बाईपास रोड, छतरपुर में आयोजित होगी। कैंपस ड्राइव में फिटर, मैकेनिक मोटर व्हीकल, मैकेनिक डीजल, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, कोपा, टर्नर सहित सभी इंजीनियरिंग ट्रेडों के आईटीआई उत्तीर्ण महिला एवं पुरुष अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। भर्ती के लिए अभ्यर्थियों की आयु 18 से 26 वर्ष निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी द्वारा लगभग 19,988 रुपये प्रतिमाह तक वेतन प्रदान किया जाएगा। चयन कंपनी के निर्धारित नियमों एवं मानकों के अनुसार किया जाएगा। प्राचार्य, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, छतरपुर ने इच्छुक अभ्यर्थियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है। अभ्यर्थियों को अपने साथ 10वीं की अंकसूची, आईटीआई की अंकसूची, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बायोडाटा (रिज्यूम) तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रतियां साथ लानी होंगी।

### तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, दंपति घायल



**छतरपुर**। जिले के ग्राम चौका के पास शनिवार दोपहर एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने बाइक सवार दंपति को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान हरि कुशवाहा (32) एवं उनकी पत्नी रामसखी कुशवाहा (30) निवासी ग्राम रिक्सा पुरवा, थाना ओरछा रोड के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार हरि कुशवाहा अपनी भांजी के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए ग्राम हटवाह गए थे। शादी समारोह से वापस लौटते समय दोपहर करीब 3:30 बजे ग्राम चौका के पास पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पति-पत्नी सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मातगुवां की ओर से आ रही डायल-112 मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल छतरपुर पहुंचाया। जहां इमरजेंसी में ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर रोशन द्विवेदी ने प्राथमिक उपचार किया। इसके बाद दोनों घायलों को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है तथा टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

### अप्रेंटिसशिप मेला लगेगा 25 जून को

**कटनी**। जिले के युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर गुरूवार 25 जून को शासकीय आईटीआई कटनी में "युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला" का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में जिले के युवाओं को एक ही स्थान पर रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप से जुड़े विभिन्न अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही शासन की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी, जिससे इच्छुक युवक-युवतियां स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर सकें। मेले में जिले के साथ-साथ अन्य प्रतिष्ठित कंपनियां भी शामिल होंगी और युवाओं को रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के अवसर प्रदान करेंगी। सभी शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों से अपील की गई है कि वे इस अवसर का लाभ उठाने के लिए मेले में उपस्थित हों।

# नीट यूजी 2026: सतना के 7 केंद्रों पर आज परीक्षा सुरक्षा के कड़े इंतजाम,2912 परीक्षार्थी होंगे शामिल

## परीक्षार्थियों के लिए चलीं स्पेशल ट्रेनें, कई गाड़ियों के रूट और समय में हुआ बदलाव

सतना।

**देश की सबसे प्रतिष्ठित चिकित्सा प्रवेश परीक्षा 'नीट यूजी 2026' रविवार, 21 जून को सतना जिले के 7 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक चलने वाली इस परीक्षा को निष्पक्ष,सुरक्षित और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने चाक-चौबंद व्यवस्था की है। इस वर्ष जिले के निर्धारित केंद्रों पर कुल 2,912 परीक्षार्थी शामिल होंगे।**

### सुबह 11 बजे से मिलेगा प्रवेश,सुरक्षा के कड़े घेरे में होंगे प्रश्न-पत्र

परीक्षा के नोडल सिटी कोऑर्डिनेटर सूर्यकांत पाठक ने बताया कि परीक्षा केंद्रों के भीतर मोबाइल, स्मार्टवॉच या किसी भी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गाइडलाइंस तय की गई हैं। क्लोज कैंपस में परीक्षार्थियों की सघन चेकिंग (फिक्सिंग) की जाएगी। परीक्षार्थियों को सुबह 11 बजे से केंद्रों में प्रवेश दिया जाएगा। सभी जरूरी जांच के बाद दोपहर 1:30 बजे तक उन्हें निर्धारित सीटों पर बैठा दिया जाएगा।

### जीपीएस और वीडियोग्राफी की निगरानी

दोपहर 1:30 बजे कड़ी सुरक्षा के बीच प्रश्न-पत्र केंद्रों पर पहुंचेंगे। परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिकाओं को नोडल केंद्र ले जाने वाले वाहनों की जीपीएस मैपिंग और वीडियोग्राफी होगी। ये वाहन बीच रास्ते में कहीं नहीं रुक सकेंगे। सभी केंद्राध्यक्षों को परीक्षा केंद्रों पर छांव,पीने का पानी,टॉयलेट और फर्स्ट एड (प्राथमिक उपचार) जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सुबह 10 बजे तक पुलिस बल का डिप्लॉयमेंट पूरा हो जाएगा।

### सतना जिले के ये 7 संस्थान बने परीक्षा केंद्र

**शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल व्यंकट क्रमांक 1,सतना**

**शासकीय कन्या महाविद्यालय,सतना,**

**पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1,**

**पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2**

**पीएम श्री एक्सीलेंस शासकीय ऑटोनॉमस पीजी कॉलेज**

**पीएम श्री शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल,सतना**

**पीएम श्री शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल व्यंकट क्रमांक 2**

### स्पेशल ट्रेनों का संचालन और समय में बदलाव

पश्चिम मध्य रेल ने नीट परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों की सहूलियत के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। 20 जून को इंदौर,भोपाल और रतलाम के बीच स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं,जिनमें 13 स्लीपर और 2 सामान्य श्रेणी सहित कुल 17 कोच शामिल हैं।

गाड़ी संख्या 09354 (इंदौर-भोपाल स्पेशल वाया रतलाम): 20 जून को इंदौर से सुबह 11:25 बजे रवाना होकर उज्जैन,सीहोर के रास्ते शाम 7:00 बजे भोपाल पहुंचेगी।

गाड़ी संख्या 09353 (भोपाल-रतलाम स्पेशल): 20 जून को भोपाल से शाम 7:40 बजे छूटकर देर रात 12:55 बजे रतलाम पहुंचेगी।

### इन ट्रेनों का रूट सतना तक बढ़ा

भुसावल-कटनी एक्सप्रेस (19013): 20 जून को भुसावल से चलने वाली यह ट्रेन 21 जून को कटनी के बजाय सीधे सतना स्टेशन पर समाप्त होगी। कटनी-भुसावल एक्सप्रेस (19014): 21 जून को यह ट्रेन कटनी के स्थान पर सतना स्टेशन से शाम 7:00 बजे प्रस्थान करेगी और सतना-कटनी के बीच हर स्टेशन पर रुकेगी।

### रीशेड्यूल की गईं ट्रेनें (21 जून को देरी से चलेंगी):

अधारताल-रानी कमलापति इंटरसिटी (22188): अपने निर्धारित समय शाम 4:15 के स्थान पर 1 घंटे 45 मिनट की देरी से,यानी शाम 6:00 बजे छूटेगी।

**जबलपुर-रीवा एक्सप्रेस** (22189): अपने नियत समय शाम 5:05 के स्थान पर 1 घंटे 25 मिनट की देरी से यानी शाम 6:30 बजे रवाना होगी।

# मैहर के जुलाहन टोला में नलों से उबला 'जहर' काला और बदबूदार पानी देख भड़के वार्डवासी

### भीषण गर्मी में महामारी का साया: मोटर चालू करते ही बाल्टियों में जमा हुआ नाली जैसा कचरा,नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ फूटा गुस्सा



**मैहर**। भीषण गर्मी और उमस के इस थका देने वाले मौसम में जहां बूंद-बूंद पानी के लिए हाहाकार मचा है,वहीं मैहर नगर पालिका के वार्ड नंबर 16(जुलाहन टोला) से जन स्वास्थ्य से खिलवाड़ का एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है। शुक्रवार,19 जून की शाम जैसे ही क्षेत्र में जलापूर्ति शुरू हुई,घरों में हड़कंप मच गया। नलों से साफ पानी की जगह नाली जैसा अत्यधिक बदबूदार और एकदम काला पानी बहने लगा। दूषित पानी की इस सप्लाई से आक्रोशित स्थानीय निवासियों ने नगर पालिका प्रशासन और जल विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

### मोटर चालू करते ही बाल्टियों में भरा 'काला नाला'

स्थानीय निवासियों का कहना है कि शाम को जैसे ही उन्होंने अपने घरों में पानी की मोटर चालू की,नलों ने खौफनाक मंजर उगलना शुरू कर दिया। पाइपों से गिर रहा पानी किसी गंदे नाले के सीवरेज से कम नहीं था। बाल्टियों में जमा हुआ पानी पूरी तरह से काला,कचरे से युक्त और झागदार नजर आ रहा था, जिससे पूरे इलाके में दुर्गंध फैल गई। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि पानी की गुणवत्ता किस कदर बदतर और जानलेवा हो चुकी है। यह पानी न तो पीने के लायक है,न नहाने के और न ही कपड़े धोने के। इस भीषण गर्मी में हम पानी की एक-एक बूंद को तरस रहे हैं और प्रशासन हमें बीमारियों का अंबार परोस रहा है।

### मंडरा रहा महामारी का खतरा,दहशत में लोग

जुलाहन टोला में दूषित और नाली के पानी की इस मिक्स्ड सप्लाई की वजह से पूरे इलाके में हैजा (कॉलरा),डायरिया,पीलिया और त्वचा से जुड़ी गंभीर बीमारियों के फैलने का खतरा पैदा हो गया है। बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य को लेकर स्थानीय लोग बेहद डरे और सहमे हुए हैं। लोगों का आरोप है कि जल विभाग की घोर लापरवाही के कारण मुख्य पाइपलाइन में सीवरेज का पानी मिक्स हो रहा है, जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।

### आंदोलन की चेतावनी: नगर पालिका से तुरंत सुधार की मांग

वार्ड नंबर 16 के नागरिकों ने वीडियो और तस्वीरों के जरिए प्रशासन व नगर पालिका जल विभाग के आला अधिकारियों से इस गंभीर लापरवाही पर तुरंत संज्ञान लेने की गुहार लगाई है।

# केजेएस सीमेन्ट ने मैहर जिला अस्पताल को सौंपे लाखों के उपकरण

**मैहर**। केजेएस सीमेन्ट ने जिला अस्पताल के मरीजों के लिए अनेक उपयोगी उपकरण प्रदान किए हैं। इस अवसर पर अस्पताल में एक संक्षिप्त कार्यक्रम आयोजित हुआ,जिसमें मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ,सिविल सर्जन डॉ श्रीमती सत्यभामा अवधिया,डॉ आरएन पांडेय एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में केजेएस सीमेन्ट के मानव संसाधन व प्रशासन विभाग के उपाध्यक्ष देवेन्द्र माथुर ने कहा कि सिविल अस्पताल में मरीजों के उपयोगी उपकरणों की कमी को दूर करने के लिए फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से एयर कूलर,वाटर कूलर,आरओ फिल्टर,व्हीलचेयर,स्ट्रेचर एवं एग्जॉस्ट फैन आदि सामग्री अस्पताल प्रबंधन को सौंपी जा रही है। आगे आवश्यकता पड़ने पर और भी सामग्री व सहायता प्रदान की जाएगी। विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने अपने संभाषण में इस सहायता के लिए केजेएस सीमेन्ट के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। श्री चतुर्वेदी ने कहा कि केजेएस



सीमेन्ट की ओर से रोगी कल्याण समिति को निरंतर वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराई जाती है। मैहर अस्पताल की नवागंतुक सिविल सर्जन डॉ श्रीमती सत्यभामा अवधिया ने रोगी कल्याण समिति की ओर से केजेएस सीमेन्ट प्रबंधन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में केजेएस के डॉ टीएस बघेल,जीतेन्द्र बागरी एवं जनसंपर्क प्रबंधक निरंजन शर्मा की उल्लेखनीय भूमिका रही।

# इटमा में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी पानी की टंकी

## निर्माण के कुछ ही दिनों बाद भरभराकर गिरी,बड़ा हादसा टला

**मैहर**। मैहर जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम इटमा में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। गांव में हाल ही में बनाई गई पानी की टंकी निर्माण के कुछ ही दिनों बाद अचानक भरभराकर गिर गई।गनीमत रही कि घटना के समय वहां मौजूद लोग समय रहते हट गए,जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टंकी गिरते समय एक व्यक्ति बाल-बाल बच गया। ग्रामीणों का आरोप है कि पानी की टंकी के निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया। उनका कहना है कि सीमेंट की जगह चूने की डस्ट और निम्न गुणवत्ता की सामग्री का इस्तेमाल किए जाने के कारण टंकी मामूली दबाव भी नहीं झेल सकी और अपने आप ढह गई। घटना के बाद निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर ग्राम पंचायत पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत इटमा के सरपंच और जिम्मेदार अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ कराया गया होता तो यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती। लोगों का कहना है कि यदि टंकी गिरने के समय वहां अधिक लोग मौजूद होते तो बड़ा जनहानि का हादसा हो सकता था।घटना के बाद ग्रामीणों ने पूरे निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच कराने,दोषी ठेकेदार एवं जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करने तथा निर्माण कार्य में हुए कथित भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच की मांग की है।



## मैहर में गूंजेंगी सुरों की स्वर-लहरियां

# विश्व योग एवं संगीत दिवस पर कल सजेगी भव्य सांस्कृतिक संध्या

मैहर।

संगीत की पावन नगरी मैहर में विश्व योग एवं संगीत दिवस के अवसर पर रविवार 21 जून को एक भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। संस्कृति संचालनालय,मध्य प्रदेश शासन के मार्गदर्शन में शासकीय संगीत महाविद्यालय, मैहर द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में देश और प्रदेश के ख्यातिप्राप्त कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को संगीत और कला के अद्भुत संसार की सैर कराएंगे। कार्यक्रम का आयोजन शासकीय संगीत महाविद्यालय,मैहर परिसर में सायं 7 बजे से किया जाएगा। आयोजन को लेकर संगीत प्रेमियों और कला अनुरागियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। शास्त्रीय संगीत और नृत्य की अनुपम प्रस्तुतियां।



सांस्कृतिक संध्या में भोपाल से पधार रहे प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक विजय सप्रे अपनी मधुर एवं प्रभावशाली गायकी से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। वहीं जबलपुर की सुप्रसिद्ध कथक नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी।

# पलौहा में विधायक ने लगाई चौपाल, ग्रामीणों से किया संवाद

**मैहर**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा,विकास एवं जनकल्याण को समर्पित सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मैहर विधानसभा क्षेत्र के अमदरा मंडल अंतर्गत ग्राम पलौहा में विशेष चौपाल एवं जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने सहभागिता करते हुए ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया। विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से चर्चा कर उनके अनुभव सुने तथा आमजन की समस्याओं, सुझावों और अपेक्षाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे,इसी संकल्प के साथ निरंतर कार्य किया जा रहा है।



## खबर संक्षेप

### उच्च न्यायालय से अनधिकृत कॉलोनी प्रकरण में याचिकाकर्ताओं को अंतरिम राहत

**पवई।** अनधिकृत कॉलोनी घोषित किए जाने के मामले में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर ने याचिकाकर्ताओं बद्री मिश्रा,प्रशांत मिश्रा एवं सूर्यकांत मिश्रा निवासी पवई को अंतरिम राहत प्रदान की है। न्यायालय ने कलेक्टर पन्ना द्वारा जारी उस आदेश के प्रभाव एवं संचालन पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है, जिसमें एफआईआर दर्ज करने और संबंधित भूमि पर कब्जा लेने के निर्देश दिए गए थे।
याचिकाकर्ता की ओर से न्यायालय में तर्क दिया गया कि व्यक्तिगत आवश्यकताओं के कारण उन्होंने अपनी भूमि बेच दी थी और वित्तीय संकट का सामना कर रहे थे। साथ ही, कॉलोनी विकास संबंधी नोटिस पर उनके पक्ष पर समुचित विचार किए बिना प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गई।मामला पवई तहसील के मौजा पवई, पटवारी हल्का क्रमांक 13 स्थित आराजी क्रमांक 2714/3/क से संबंधित है। कलेक्टर न्यायालय ने उक्त कॉलोनी को नियमों के उल्लंघन के आधार पर अनधिकृत घोषित करते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए थे।उच्च न्यायालय ने आदेश में कहा है कि अगली सुनवाई तक 25 मई 2026 के आदेश का प्रभाव स्थगित रहेगा। साथ ही न्यायालय ने प्रतिवादियों को नोटिस जारी करने तथा नियमानुसार जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

### संजय नगाइच 24 को पन्ना आएंगे समर्थकों द्वारा किया जाएगा जोरदार स्वागत

**पन्ना।** मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग लॉजिस्टिक कॉरपोरेशन के अध्यक्ष तथा वरिष्ठ भाजपा नेता संजय नगाइच पहली बार अध्यक्ष बनने के बाद24 जून को पन्ना आएंगे । उनके पन्ना जिला प्रथम आगमन पर जिले भर में भाजपा कार्यकर्ता तथा समर्थकों द्वारा जोरदार स्वागत किया जाएगा। गौर तलब है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा संजय नगाइच को वेयरहाउसिंग लॉजिस्टिक कार्पोरेशन का अध्यक्ष नियुक्त करते हुए कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया है जिससे उनका राजनीतिक कद बढ़ा है तथा जिले में राजनीतिक सर गर्मी तेज हो गई है पन्ना जिले में सत्ताधारी भाजपा दो गुटो में बटी हुई है। जिसमें एक गुट संजय नगाइच गुनौर विधायक राजेश वर्मा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रविराज यादव आदि प्रतिनिधित्व करते हैं तथा दूसरे गुट में पन्ना विधानसभा क्षेत्र के विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह सांसद बीडी शर्मा भाजपा अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा आदि शामिल है।

सूचना के बाद भी कार्यवाही नहीं, बारिश का मौसम आते ही बड़ी दुर्घटना की आशंका

# नगर के कई धार्मिक स्थलों पर झूल रहे विद्युत तार

**अमानगंज- पन्ना जिले के अमानगंज नगर स्थित नगर के कई प्रमुख धार्मिक स्थलों पर इन दिनों विद्युत लाइने झूलती नजर आ रही है ज्ञात हो कि अभी हाल में ही आंधी तूफान के आने से कच्ची विद्युत लाने कई स्थानों से टूटी है जिन्हें जोड़कर पेड़ों के माध्यम से लगाया गया है यह कब टूटकर भक्तों के ऊपर गिर जाए इसका कोई ठिकाना नहीं नगर के वार्ड क्रमांक 6 हरिजन बस्ती चंडी माता मंदिर के पास एक ऐसा ही नजारा देखने को मिला है जहां विद्युत लाइन टूट जाने के बाद कर्मचारियों ने लाइन को नीम के पेड़ से बांध रखा है।**
माता के दर्शन करने पहुंच रहे भक्तों का कहना है कि इन कच्चे तारों में जो यह लाने कसी है यह कभी भी टूट कर गिर सकती है यहां एक मुख्य मार्ग भी है जहां दिनभर बच्चे खेलते हैं। इस विषय मे वार्डवासियों द्वारा विद्युत विभाग व उसके कर्मचारियों को सूचना भी दी गई लेकिन काम सही तरीके से नहीं हो सका और आज भी घटना दुर्घटना की आशंका आम जनता में बनी हुई है इसी तरह का एक दूसरा मामला नगर के वार्ड क्रमांक 4, ज्वाला देवी मंदिर के पास का नजारा विभाग की नाकामी की गवाही दे रहा है। करीब 2-3 साल पहले आंधी-तूफान में बिजली का पोल टूटा तो विभाग ने वैकल्पिक जुगाड़ के नाम पर मसान बब्बा के पिलर पर ही विद्युत पोल की लाइन बांध दी। तब से लेकर आज तक वह लाइन वहीं लटक रही है। पोल तो लगा दिया लेकिन तार शिफ्ट आज तक नहीं हुए। इसके अतिरिक्त वही स्थिति संकट





मोचन वीर हनुमान मंदिर के अंदर लगे विद्युत पोल को मंदिर के बाहर शिफ्ट करने की मांग स्थानीय धर्म प्रेमी बंधुओ द्वारा विद्युत विभाग से की गई थी परंतु विभाग अब तक किसी भी मामले में कोई ठोस कार्रवाई भक्तों के हित में और भगवान की सेवा में नहीं कर सका स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। बार-बार शिकायत, आवेदन, सूचना... सब बेअसर। विभागीय बाबू और जूनियर इंजीनियर मेंटेनेंस के नाम पर घंटों अघोषित कटौती तो कर देते हैं, लेकिन मूल समस्या जस की तस है। नंगे तार, झुकी लाइनें और पिलरों से बंधी मौत हर रोज किसी हादसे को न्योता दे रही है। हैरानी की बात तो यह कि स्थानीय मीडिया बार-बार विद्युत विभाग का ध्यान गंभीर समस्याओं की ओर आकर्षित करता है परंतु लंबे समय से जमे अधिकारी कर्मचारी हर बात को हल्के में लेते हैं अतः उनके स्थानांतरण पर भी जिला प्रशासन को ध्यान देना होगा ताकि विद्युत जैसी महत्वपूर्ण समस्या का समाधान समय रहते हो सके और आम जनता को शासन की मानसा के अनुरूप विद्युत सेवा का लाभ मिले।

## इंसानियत की अनूठी मिसाल जब अपनों ने फेर लिया मुंह तब देवदूत बनकर तवे जैसी धूप में खून देने पहुंचे रितेश

**किडनी की बीमारी से जूझ रही 24 वर्षीय पूजा के लिए भाई ने लिया किडनी देने का फैसला**

### आयुष्मान कार्ड के बाद भी ट्रांसप्लांट के लिए 5 लाख रुपयों की दरकार, जिंदगी बचाने की गुहार

**पन्ना।** रिश्ते-नाते और समाज तब बेगाने हो गए, जब सिंहपुर निवासी 24 वर्षीय बेटी पूजा अहिरवार को जिंदगी और मौत के बीच जूझते हुए खून की सख्त जरूरत थी। किडनी खराब होने के कारण जिंदगी की जंग लड़ रही पूजा के पिता और भाई श्याम दो दिनों से हर चौखट पर जाकर खून की भीख मांग रहे थे। लेकिन, अफसोस कि किसी भी रिश्तेदार या समाज के व्यक्ति का दिल नहीं पसीजा। संकट के इस घने अंधेरे में मानवता की एक ऐसी किरण चमकी, जिसने साबित कर दिया कि इंसानियत आज भी जिंदा है।

### सोशल मीडिया पर गुहार सुनते ही पिघला स्कूल संचालक का दिल-

जब हर तरफ से निराशा हाथ लगी, तब लाचार भाई श्याम ने पन्ना जिले के जाने-माने समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी को फोन पर अपनी बहन की गंभीर स्थिति बताई। राम बिहारी गोस्वामी ने बिना वक्त गंवाए इस दर्दभरी दास्तान को सोशल



मीडिया और अपने मित्रों तक पहुंचाया। इस संदेश को पढ़ते ही नागौद हाल पन्ना के प्रतिष्ठित स्कूल संचालक रितेश सिंह परिहार का दिल पसीज गया।

### 20 जून की झुलसाती धूप भी नहीं रोक सकी कदम-

आज 20 जून को जब आसमान से आग बरस रही थी और दोपहर के 12 बजे पारा सातवें आसमान पर था, तब रितेश सिंह परिहार ने अपनी परवाह न करते हुए जिला ब्लड बैंक का रुख किया। उन्होंने स्वेच्छा से रक्तदान कर तड़पती हुई पूजा को जीवनदान दिया। इस अनुकरणीय कार्य के लिए ब्लड बैंक प्रभारी राम नाथ ओमरे, लैब टेक्नीशियन दिलीप सिंह और समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी ने रक्तदाता रितेश सिंह परिहार का हृदय से आभार व्यक्त किया।भाई किडनी देने को तैयार, पर 5 लाख रुपयों की लाचारी बनी दीवारपूजा की जिंदगी बचाने के लिए उसके 28 वर्षीय भाई श्याम अहिरवार (पिता जयकरण) ने अपनी एक किडनी दान करने का साहसिक फैसला लिया है। एक भाई अपनी बहन को नया जीवन देने के लिए अपनी देह का अंग काटने को तैयार है, लेकिन गरीबी इस रास्ते में सबसे बड़ा रोड़ा बन गई है। डॉक्टरों के अनुसार, किडनी ट्रांसप्लांट के लिए आयुष्मान कार्ड की सुविधा के अतिरिक्त भी लगभग 5 लाख रुपये का खर्च आना है। आर्थिक तंगी और पैसों की व्यवस्था न होने के कारण यह ट्रांसप्लांट रुका हुआ है।इंसानियत से अपीलरूआपकी एक छोटी सी मदद बचा सकती है पूजा की सांसें एक तरफ रितेश सिंह परिहार जैसे लोग हैं जिन्होंने भीषण धूप में खून देकर इंसानियत का फर्ज निभाया, तो दूसरी तरफ एक बेबस परिवार है जो अपनी बेटी को मरता हुआ देखने को मजबूर है।पन्न जिले के समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी ने एवं पूजा के भाई और पिता ने अब समाज के दानीदाताओं और सरकार से गुहार लगाई है कि कोई उनकी आर्थिक मदद करे, ताकि इस बेटी का समय पर ट्रांसप्लांट हो सके और उसे एक नई जिंदगी मिल सके।



## श्री जुगल किशोर जू लोक के चल रहे निर्माण कार्य में कांग्रेस द्वारा लगाए आरोपों के बाद विरोध में बरसे विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह

### जुगल किशोर जू लोक से पन्ना को मिलेगी राष्ट्रीय पहचान

**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस सदैव सनातन संस्कृति, धार्मिक आस्था और विकास कार्यों की विरोधी रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस प्रकार कांग्रेस ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का विरोध किया था, उसी प्रकार आज पन्ना में निर्माणाधीन जुगल किशोर जू लोक के विरुद्ध भी दुष्प्रचार किया जा रहा है। श्री सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने पन्ना के जुगल किशोर जू लोक सहित अनेक सांस्कृतिक परियोजनाओं पर तेजी से कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि पन्ना को पवित्र नगर का दर्जा मिलने के बाद धार्मिक पर्यटन की अपार संभावनाएं विकसित हुई हैं। जुगल किशोर जू लोक का निर्माण पूरा होने के बाद पन्ना केवल हीरों और टाइगर रिजर्व के लिए ही नहीं, बल्कि धार्मिक एवं आध्यात्मिक पर्यटन के बड़े केंद्र के रूप में भी पहचाना जाएगा। इससे देश-विदेश से श्रद्धालु और पर्यटक यहां पहुंचेंगे, जिससे स्थानीय व्यापार, होटल उद्योग, परिवहन, गाइड सेवा, हस्तशिल्प और छोटे कारोबारियों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि जुगल किशोर जू पन्ना की प्राचीन आस्था और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक हैं। उनकी महिमा और पन्ना की आध्यात्मिक विरासत को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आगामी दिनों में भव्य धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 15 जुलाई से 29 जुलाई 2026 तक श्रीमद्भागवत कथा, भक्तमाल कथा एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कथा का आयोजन प्रतिदिन सायं 4 बजे से 7 बजे तक होगा तथा रात्रि में भव्य भजन संध्या आयोजित की जाएगी। श्री सिंह ने बताया कि इस धार्मिक महोत्सव में पूज्य गुरुदेव श्री राजेन्द्र दास जी महाराज के सान्निध्य में देशभर के प्रतिष्ठित संत-महात्माओं का आगमन होगा। कार्यक्रम में स्वामी रामप्रवेश दास जी महाराज, श्रुतिहंस दास जी देवाचार्य महाराज, संत कुमार दास जी महाराज, रविशंकर जी महाराज, राम अनुग्रह दास जी महाराज, अलबेली शरण जी महाराज, धीरेन्द्र शास्त्री जी महाराज, इन्द्रेश उपाध्याय जी महाराज सहित अनेक संतों की उपस्थिति प्रस्तावित है। भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक चित्र-विचित्र जी महाराज, साध्वी पूर्णिमा दीदी, अमित दुबे एवं साथी, गोपाल श्रीवास्तव एवं साथी तथा अन्य कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। वहीं पंडित कुंजबिहारी शर्मा द्वारा रासलीला का भी आयोजन किया जाएगा, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। आयोजन के पूर्व भव्य कलश यात्रा भी निकाली जाएगी। पूर्व मंत्री श्री सिंह ने कहा कि आयोजन की तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं और देशभर के संतों को आमंत्रण भेजे जा रहे हैं। उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि यह आयोजन पन्ना की धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने वाला है, इसलिए सभी नागरिक इसमें सहभागी बनें। प्रेस वार्ता में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से जुगल किशोर जू लोक और धार्मिक आयोजनों के विरुद्ध दुष्प्रचार किया जा रहा है। यदि किसी को किसी निर्माण कार्य पर आपत्ति है तो उसे वैधानिक प्रक्रिया के तहत प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत करना चाहिए। बिना तथ्यों के आरोप लगाकर जनता को भ्रमित करने का प्रयास उचित नहीं है।

## ग्राम मझगवां में 10 दिनों से बंद ट्रांसफार्मर, टूटे तार से दो भैंसों की मौत; ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से लगाई गुहार



**अजयगढ़।** तहसील अजयगढ़ अंतर्गत ग्राम मझगवां में विद्युत व्यवस्था की गंभीर समस्या सामने आई है। ग्रामीणों ने विद्युत वितरण केन्द्र धरमपुर के प्रभारी अधिकारी को आवेदन सौंपकर गांव में ट्रांसफार्मर के बिजली तार लूज एवं क्षतिग्रस्त होने के कारण पिछले लगभग 10 दिनों से बिजली आपूर्ति बंद रहने की शिकायत की है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन में बताया गया है कि गांव में ट्रांसफार्मर से जुड़े विद्युत तार टूट जाने के कारण न केवल बिजली आपूर्ति बाधित है, बल्कि इससे बड़ा हादसा भी हो चुका है। ग्रामीणों के अनुसार टूटे हुए विद्युत तार की चपेट में आने से दो भैंसों की मौत हो चुकी है, जिससे पशुपालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इसकी जानकारी दी, लेकिन अब तक तारों की मरम्मत एवं बिजली आपूर्ति बहाल करने की दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लगातार बिजली बंद रहने से ग्रामीणों को पेयजल, घरेलू कार्यों तथा कृषि संबंधी गतिविधियों में भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में ग्रामीण रामचरण, जसुंदर सिंह, शिवपाल सिंह, महेश प्रसाद एवं कमलेश सहित अन्य ग्रामवासियों ने विद्युत विभाग से मांग की है कि टूटे एवं लूज तारों को तत्काल दुरुस्त कर गांव की विद्युत व्यवस्था बहाल की जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की जनहानि या पशुहानि की घटना न हो सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत करने के साथ जनआंदोलन करने के लिए भी बाध्य होंगे। वहीं ग्रामीणों को उम्मीद है कि विद्युत विभाग मामले की गंभीरता को देखते हुए जल्द आवश्यक कार्रवाई करेगा।

## हाथ में शराब का जाम, अफसरों को खुली चुनौती! लुहरगांव फीडर के कर्मचारी की कथित दबंगई का वीडियो वायरल, ग्रामीणों में आक्रोश

**गुनौर।** एक ओर मध्यप्रदेश सरकार और प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव प्रदेश में बेहतर एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति देने के दावे कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर गुनौर क्षेत्र में बिजली विभाग के एक कर्मचारी की कथित कार्यशैली इन दावों पर सवाल खड़े करती नजर आ रही है। मामला गुनौर विधुत वितरण केंद्र के लुहरगांव फीडर से जुड़ा बताया जा रहा है, जहां एक कर्मचारी का हाथ में शराब का जाम लिए हुए कथित वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार वायरल वीडियो में कर्मचारी शराब का सेवन करता दिखाई दे रहा है। वहीं फोन पर बातचीत के दौरान वह कथित रूप से यह कहते हुए सुनाई दे रहा है कि ष्चाहे डीई (क्म्) आ जाएं, सुंगरहा गांव की लाइट चालू नहीं होगी।ष वीडियो वायरल होने के बाद पूरे क्षेत्र में इसकी चर्चा जोरों पर है और लोग बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं।

### वायरल वीडियो ने बढ़ाई विभाग की मुश्किलें-

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस कथित वीडियो ने बिजली विभाग की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब एक जिम्मेदार कर्मचारी खुलेआम शराब पीते हुए नजर आए और अधिकारियों को चुनौती देता दिखाई दे, तो यह



विभागीय अनुशासन पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

### सरकार के 24 घंटे बिजली के दावों पर उठे सवाल-

प्रदेश सरकार लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर बिजली व्यवस्था और पर्याप्त बिजली आपूर्ति की बात करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर कुछ कर्मचारियों का रवैया सरकार की मंशा को पलीता लगाता नजर आ रहा है। सुंगरहा सहित कई गांवों के लोग बिजली संकट से जूझ रहे हैं और राहत मिलने की बजाय कथित तौर पर कर्मचारियों की मनमानी का सामना कर रहे हैं।

### गुनौर जेई और पन्ना डीई से जवाब की मांग-

वायरल वीडियो और ग्रामीणों के आरोपों के बाद अब लोगों की निगाहें गुनौर जेई सुनील वर्मा और पन्ना डीई पर टिकी हुई हैं। क्षेत्रवासियों का सवाल है कि क्या विभाग इस पूरे मामले की जांच करेगा और यदि वीडियो व आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित कर्मचारी पर क्या कार्रवाई होगी। ग्रामीणों ने मांग की है कि वायरल वीडियो की सत्यता की जांच कर दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी विभागीय कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी कर्मचारी सरकारी जिम्मेदारियों की अनदेखी करने का साहस न कर सके। मामले की सत्यता जांच का विषय है। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो यह बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर बड़ा प्रश्नचिह्न साबित हो सकता है।

## सेवानिवृत्त शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद सिंह को शोकसभा में दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



**अजयगढ।** ग्राम खोरा के आदरणीय सेवानिवृत्त शिक्षक श्री राजेन्द्र प्रसाद सिंह के निधन पर शुक्रवार, 20 जून 2026 को उनके निज निवास ग्राम खोरा में शोकसभा का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि श्री सिंह का बीमारी के चलते 8 जून 2026 को देहावसान हो गया था, जिससे क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई थी। आयोजित शोकसभा में उनके परिजनों सहित गांव एवं आसपास के क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा शिक्षा विभाग के सैकड़ों शिक्षक साथियों ने उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। उपस्थित जनों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वक्ताओं ने अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि स्वर्गीय राजेन्द्र प्रसाद सिंह एक कर्मठ, अनुशासित एवं समर्पित शिक्षक थे। उन्होंने अपने शिक्षकीय जीवन में हजारों विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी सादगी, कर्तव्यनिष्ठा एवं समाज के प्रति समर्पण को सदैव याद किया जाएगा। शोकसभा में उपस्थित लोगों ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। अंत में सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति दें। शोकसभा का वातावरण अत्यंत भावुक एवं श्रद्धामय रहा, जहां उपस्थित सभी लोगों ने नम आंखों से स्वर्गीय राजेन्द्र प्रसाद सिंह को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पवई में अवैध कॉलोनी निर्माण पर आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने के निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर न्यायालय द्वारा पवई तहसील के मौजा पवई पटवारी हल्का नंबर 13 अंतर्गत सर्वे नंबर 2658 रकवा 0.297 हे. भूमि के 0.214 हे. रकवा का विक्रय 16 व्यक्तियों को पृथक-पृथक करने तथा शेष 0.083 हे. रकवा की भी बिक्री कर अवैध कॉलोनी निर्माण पर खातेदार संजय कुमार पाठक के विरूद्ध पुलिस थाना पवई में आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने का आदेश पारित किया गया है। इसके लिए तहसीलदार पवई को अधिकृत किया गया है। साथ ही संबंधित के स्वामित्व के सर्वे नंबर पर निर्मित की जा रही कॉलोनी को म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 339 घ के तहत अनाधिकृत कॉलोनी घोषित करने की कार्रवाई की गई है। नागरिक अधोसंरचना के विकास कार्य को पूर्ण करने के लिए प्रश्नाधीन सर्वे नंबर की भूमि को नगर परिषद पवई में अटैच करने के निर्देश दिए गए हैं। पवई सीएमओ द्वारा उक्त भूमि पर भू प्रवेश की कार्यवाही कर कब्जा प्राप्त किया जाएगा। विदित हो कि अनावेदक द्वारा कॉलोनी निर्माण में म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 339-क, 339-ख एवं 339-ग तथा तत्समय प्रचलित नियम व वर्तमान म.प्र. नगर पालिका कॉलोनी विकास नियम 2021 के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया है। खातेदार द्वारा बगैर डायवर्सन व कॉलोनाईजर की अनुज्ञप्ति के बिना विभिन्न व्यक्तियों को पृथक-पृथक भूमि का विक्रय किया गया था। नगरीय क्षेत्र में अवैध कॉलोनी निर्माण के संबंध में वैधानिक कार्यवाही के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पवई द्वारा अनावेदक को पूर्व में कारण बताओ नोटिस जारी कर सुनवाई का अवसर प्रदान किया गया था।

## वर्षों से जमे राजनैतिक किस्म के स्थानीय शिक्षकों की कार्यप्रणाली से सीऐम राइज स्कूल गनौर की शिक्षा व्यवस्था से नाराज गुनौर की जनता



**पन्ना।** मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा जहां विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जनता की हक और अधिकार सुख सुविधाओं के लिए प्रयास किये जा रहे हैं? तो वहीं बरसों से जमे स्थानीय शिक्षकों की राजनीतिक इच्छा शक्ति के आगे शिक्षा व्यवस्था सुचार रूप से चलने में डगमगा रही है, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय गुनौर में पूर्व में भी लापरवाहियों के चलते गड़बड़ झाला हो चुका है। तो वहीं दूसरी ओर वर्तमान समय में वर्तमान प्राचार्य की नेक नियति और अच्छी कार्य प्रणाली के बावजूद भी कुछ स्थानीय शिक्षकों की राजनीतिक नूरा कुश्ती आपसी मतभेद पैदा करने के लिए काफी है। लोगों का कहना है कि अगर स्थानीय शिक्षकों को सीऐमराईज गुनौर, सहित गुनौर के अन्य बिधालयो से हटा दिया जाए, तो कुछ हद तक शिक्षा व्यवस्था सुधर सकती है। जिले की न्याय प्रिय कलेक्टर से आवाम की गुजारिश है कि गुनौर में जितने भी शिक्षक वर्षों से जमे हुए हैं जो स्थानीय हैं,उनको तत्काल गुनौर से हटाकर शिक्षा व्यवस्था को सही रास्ते पर चलने के लिए व्यवस्था प्रदान की जाए। क्योंकि जब से कुछ शिक्षक गुनौर में पदस्थ हुए हैं तब से गुनौर से जाने का नाम ही नहीं ले रहे जिसके कारण शिक्षण कार्य तो कम होता है, बल्कि राजनीतिक नूरा कुश्ती एवं उठा पटक कुछ ज्यादा ही होती है जिससे जनता नाराज है।

# आज जिले के 5 केन्द्रों पर होगी नीट परीक्षा, सुरक्षा के इंतजाम
# कलेक्टर-एसपी ने नीट परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

छतरपुर।

21 जून 2026 को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा के लिए छतरपुर जिले में 5 परीक्षा केंद्र बनाये गए जिसमें केन्द्र शासकीय उत्कृष्ट मा. विद्यालय क्र. 1, शासकीय उ.मा. विद्यालय क्र. 2, पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय छतरपुर, सांदीपनि विद्यालय छतरपुर एवं पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय नौगांव हैं। कलेक्टर पार्थ जैसवाल और एसपी रजत सकलेचा ने शनिवार को परीक्षा केन्द्र शासकीय उत्कृष्ट मा. विद्यालय क्र. 1, शासकीय उ.मा. विद्यालय क्र. 2, पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय छतरपुर एवं सांदीपनि विद्यालय छतरपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। उक्त केन्द्रों पर कलेक्टर ने लगाए गए सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण किया। साथ ही बायोमैट्रिक व्यवस्था की जानकारी ली। इसके अलावा प्रश्न पत्र रखे जाने वाले स्ट्रॉग रूम एवं वहां की सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। साथ ही ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मी एवं अधिकारियों की चैकिंग व्यवस्था सघन रूप से करने निर्देश दिए। उन्होंने प्रवेश एवं निकास द्वार पर परीक्षार्थीयों की चैकिंग के संबंध में महिला एवं पुरूषों के लिए अलग व्यवस्था का जायजा किया। कलेक्टर ने प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर बनाए गए क्लॉक रूम का निरीक्षण किया। साथ ही यातायात सुगम रहे इसके लिए विशेष निर्देश दिए गए। ताकि सभी परीक्षार्थी तय समय से पहले तक केन्द्रों में पहुंच जायें। कलेक्टर ने परीक्षा कक्ष में उचित प्रकाश व्यवस्था तथा पंखे चालू अवस्था में हैं आदि का अवलोकन किया। साथ ही परीक्षा केंद्रों में सभी विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग स्वच्छ शौचालय की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, ओआरएस और ग्लूकोज़ एवं स्वास्थ्य संबंधी उपचार व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने परीक्षा केंद्र में विद्यार्थियों के साथ आने वाले परिजनों या अभिभावकों के लिए पर्याप्त आकार का टेंट, पेयजल आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। नीट परीक्षा की कुल अवधि सवा तीन घंटे की होगी। इस बार सभी परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। पिछली बार हुई नीट परीक्षा के पेपर लीक होने पर इस बार पूरे प्रदेश के साथ साथ छतरपुर जिलें में भी कड़ी व्यवस्थाए की गई है।



### नीट परीक्षा के प्रश्न पत्रों की निगरानी के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त -

नीट परीक्षा 2026 के प्रश्न पत्रों की निगरानी के लिए कलक्टेट पार्थ जैसवाल के निर्देशन में एडीएम द्वारा कार्यपालिक दंडाधिकारियों को नियुक्त किया गया है। आदेशानुसार परीक्षा के दौरान प्रश्न-पत्रों के सुरक्षित परिवहन, संरक्षण, वितरण एवं सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी के लिए कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। संयुक्त कलेक्टर बलवीर रमन को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है, जबकि तहसीलदार राजनगर धीरज गौतम को सेक्टर मजिस्ट्रेट के सहायक के रूप में नियुक्त किया है। परीक्षा केंद्र शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-01 में डिप्टी कलेक्टर प्रशांत अग्रवाल, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल क्रमांक-02 में संयुक्त कलेक्टर अखिल राठौर, पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय नौगांव में डिप्टी कलेक्टर जी.एस. पटेल, सांदीपनि विद्यालय छतरपुर में डिप्टी कलेक्टर कौशल सिंह तथा पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय छतरपुर में डिप्टी कलेक्टर आयशा अंसारी को कार्यपालिक दंडाधिकारी नियुक्त किया गया है। अनुविभागीय दण्डाधिकारी राजस्व छतरपुर और नौगांव संपूर्ण व्यवस्था प्रभारी रहेंगे।

### नीट (यूजी) परीक्षा 2026 के लिए कंट्रोल रूम गठित -

अपर कलेक्टर द्वारा 21 जून 2026 को आयोजित होने वाली नीट (यूजी) परीक्षा-2026 के सफल एवं निर्विघ्न संचालन के लिए कंट्रोल रूम का गठन किया गया है। यह आदेश उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय भोपाल के निर्देशों के अनुपालन में जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार कंट्रोल रूम का प्रभारी डीपीसी अरुण शंकर पाण्डेय मो. 9424343053 को नियुक्त किया गया है एवं सहायक के रूप में मनोज उपाध्याय, सहायक ग्रेड-3 मो. 9407060227 कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी छतरपुर को नियुक्त किया गया है। कंट्रोल रूम को प्रभारी अधिकारी द्वारा नीट परीक्षा के दिन किसी भी आपात एवं प्राप्त शिकायत के निराकरण हेतु कार्यालयीन समय में कार्यालय खुला रखा जाएगा। साथ ही दिनभर की रिपोर्ट नोडल अधिकारी को प्रस्तुत की जाएगी।

## खबर संक्षेप




### डॉ. संजीव नगरिया को मिला एजुकेशन एक्सीलेंस एंड लीडरशिप अवार्ड

छतरपुर। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और नवाचारों के लिए छतरपुर जिले के शीलिंग ग्रुप ऑफ स्कूल्स के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन, सागर संभाग के अध्यक्ष डॉ. संजीव आर. नगरिया को प्रतिष्ठित एजुकेशन एक्सीलेंस एंड लीडरशिप अवार्ड-2026 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (रजि.), भारत द्वारा आयोजित 15वीं नेशनल काउंसिल मीट-2026 के दौरान प्रदान किया गया। राष्ट्रीय स्तर का यह आयोजन 19 से 21 जून 2026 तक होटल कट्रिया, हैदराबाद में संपन्न हुआ, जिसमें देशभर से शिक्षा जगत के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए डॉ. नगरिया को शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों, नवाचारों को सरल एवं प्रभावी रूप में शिक्षकों और विद्यार्थियों तक पहुंचाने तथा शैक्षणिक विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए इस सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम में डॉ. नगरिया के शैक्षणिक नेतृत्व, नवाचारों और शिक्षा के प्रति समर्पण की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना की गई। उनकी इस उपलब्धि से छतरपुर जिले सहित पूरे मध्यप्रदेश के शिक्षकों एवं शैक्षणिक संस्थानों में हर्ष और गौरव का वातावरण है। डॉ. संजीव आर. नगरिया को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर शिक्षा जगत से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों, शिक्षकों एवं शुभचिंतकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### गहरवार के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, तीन युवक घायल



छतरपुर। जिले के गहरवार क्षेत्र के पास दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर होने से तीन युवक घायल हो गए। घायलों की पहचान अजय अहिरवार, राहुल अहिरवार एवं रामशरण अहिरवार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार यह हादसा बीते रोज शाम करीब 8 बजे हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस की सहायता से घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जिला अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में तीनों घायलों का उपचार जारी है। चिकित्सकों द्वारा उनकी निगरानी की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए लोगों की भीड़ जुट गई।

### बिजावर में ट्रैक्टर की टक्कर से युवक गंभीर घायल, जिला अस्पताल में उपचार जारी



छतरपुर। बिजावर क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अरविंद अहिरवार, निवासी महाराजगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ामलहरा, महाराजगंज से बक्सोई की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बिजावर में एक ट्रैक्टर ने उन्हें साइड से टक्कर मार दी। हादसे में अरविंद अहिरवार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सहायता से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजावर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया गया। वर्तमान में जिला अस्पताल में उनका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलने के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है।

## महोबा रोड बस स्टैंड पर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान, जेसीबी से हटाई गई अवैध दुकानें

**छतरपुर। शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए नगर पालिका द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को बस स्टैंड स्थित महोबा रोड पर बड़ी कार्रवाई की गई। नगर पालिका की टीम ने जेसीबी मशीन की सहायता से सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाया और अवैध रूप से बढ़ाई गई दुकानों व निर्माणों को ध्वस्त किया।**



कार्रवाई के दौरान दुकानों के बाहर रखा गया सामान जब्त कर ट्रैक्टर में भरकर हटाया गया, जिससे सड़क और सार्वजनिक मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराया जा सके। नगर पालिका की इस कार्रवाई से क्षेत्र में दिनभर हलचल बनी रही और लोगों की भीड़ जुटी रही। नगर पालिका के सहायक यंत्री देवेंद्र धाकड़ ने बताया कि अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही थी तथा आए दिन जाम की स्थिति बन रही थी। इसी समस्या के समाधान के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बस स्टैंड क्षेत्र में सराय के बाहर बैठे 23 लोगों को पीछे शिफ्ट करने की प्रक्रिया भी की जा रही है, ताकि आवागमन सुचारू रूप से संचालित हो सके। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में सड़क एवं नाली निर्माण का कार्य भी प्रस्तावित है, जिसके लिए आवश्यक स्थान खाली कराया जा रहा है। नगर पालिका प्रशासन का कहना है कि शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## 105 वर्षीय बुजुर्ग से बस में अभद्रता यात्रियों में आक्रोश; कार्रवाई की मांग तेज

चंदला।

पन्ना जिले में एक निजी बस में 105 वर्षीय बुजुर्ग के साथ कथित अभद्र व्यवहार का मामला सामने आया है, जिसने मानवता को शर्मसार कर दिया है। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के खरौनी क्षेत्र से अपने रिश्तेदारों से मिलकर लौट रहे 105 वर्षीय धन्नी लोधी अजयगढ़ से चंदला जाने के लिए माँ शारदा ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी 35 पी 0331 में सवार हुए थे। बताया गया है कि वृद्ध ने बस कंडक्टर को जनसुनवाई शिविर का एक पत्र दिखाया, जिसमें किराए में छूट देने संबंधी अनुरोध अंकित था तथा संबंधित अधिकारियों द्वारा उसे अग्रेषित भी किया गया था। आरोप है कि कंडक्टर ने पत्र को नजरअंदाज करते हुए बुजुर्ग के साथ अभद्र व्यवहार किया और उन्हें बस से नीचे उतारने की धमकी तक दे डाली।



घटना के दौरान बस में मौजूद अन्य यात्रियों ने बुजुर्ग के समर्थन में विरोध दर्ज कराया और कंडक्टर के व्यवहार पर नाराजगी जताई। यात्रियों का कहना है कि वरिष्ठ नागरिकों के साथ इस प्रकार का व्यवहार अस्वीकार्य है और जिम्मेदार कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। स्थानीय लोगों ने परिवहन विभाग और जिला प्रशासन पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि संबंधित रूट पर कुछ बसों का संचालन पर्याप्त जांच-पड़ताल के बिना किया जा रहा है। उन्होंने बसों की तकनीकी स्थिति, परमिट व्यवस्था तथा किराया वसूली की प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। चंदला बस स्टैंड पहुंचने पर यात्रियों ने प्रशासन से माँ शारदा ट्रेवल्स के विरुद्ध जांच कर उचित कार्रवाई करने, संबंधित कंडक्टर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा अजयगढ़-चंदला मार्ग पर संचालित सभी बसों की सघन जांच कराने की मांग की। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है और लोग बुजुर्ग को न्याय दिलाने की मांग कर रहे हैं।

## पोषक तत्वों और स्वाद से भरी हो बच्चों की थाली
## कुक-कम-हेल्पर कुकिंग प्रतियोगिता में बांटे उपहार

**बड़ामलहरा।** जनपद शिक्षा केंद्र बड़ामलहरा में प्रधानमंत्री पोषण योजना के अंतर्गत आयोजित खंड स्तरीय कुक-कम-हेल्पर कुकिंग प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को उपहार एवं प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष राघव राजा ने कहा कि प्रतियोगिता में तैयार किए गए स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन की तरह ही यदि प्रतिदिन विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन परोसा जाए तो छात्रों की उपस्थिति बढ़ेगी और बच्चे रुचिपूर्वक भोजन ग्रहण करेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों को निःशुल्क गणवेश, साइकिल, छात्रवृत्ति एवं पाठ्य पुस्तकों सहित अनेक सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। उन्होंने मध्यान्ह भोजन संचालित करने वाले स्व-सहायता समूहों से आग्रह किया कि वे विद्यालय के बच्चों को भी अपने बच्चों की तरह गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराएं। साथ ही बीआरसीसी प्रमोद राजपूत को निर्देश दिए कि मीनू के अनुरूप एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन नहीं बनाने वाले समूहों पर तत्काल कार्रवाई की जाए।



कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र दीक्षित ने भोजन में पोषक तत्वों की मात्रा बढ़ाने के लिए अंकुरित अनाज को शामिल करने का सुझाव दिया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम यादव, सुनील मिश्रा, विजय असाटी, नीरज पौराणिक, गिरजा प्रसाद पटेरिया, सुयश असाटी, जनपद पंचायत सीईओ ईश्वर सिंह, बीआरसीसी प्रमोद राजपूत, समन्वयक स्मिता खरे, शिव नारायण दुबेदी सहित बड़ी संख्या में रसोइयों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन सीएसी ओंकार रावत ने किया।

## डीपी से ई-रिक्शा चार्ज कर रहे चालक, हादसे का बढ़ा खतरा
### डाकखाना चौराहे पर खुलेआम हो रही लापरवाही, जिम्मेदार बेखबर

**छतरपुर।** शहर के व्यस्ततम डाकखाना चौराहे पर ई-रिक्शा चालकों द्वारा की जा रही गंभीर लापरवाही लोगों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बनती जा रही है। यहां कुछ चालक विद्युत डीपी से सीधे तार जोड़कर अपने ई-रिक्शा चार्ज करते देखे गए हैं, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में एक ई-रिक्शा चालक विद्युत डीपी से सीधे कनेक्शन लेकर वाहन चार्ज करता दिखाई दे रहा है। यह कार्य न केवल विद्युत सुरक्षा नियमों का उल्लंघन है, बल्कि चालक और आसपास मौजूद लोगों की जान को भी जोखिम में डाल रहा है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सार्वजनिक स्थान पर इस तरह की खतरनाक गतिविधियां लगातार हो रही हैं, लेकिन संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। लोगों का मानना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। नागरिकों ने प्रशासन और बिजली विभाग से मांग की है कि ऐसे मामलों की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए तथा सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।



## एनसीएल के 12 वर्ष : विश्वास, विकास और जनकल्याण के पर्याय





**सिंगरौली।** कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने पिछले 12 वर्षों में कोयला उत्पादन, प्रेषण, तकनीकी आधुनिकीकरण, पर्यावरण संरक्षण तथा सामुदायिक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को और सशक्त बनाया है।वर्ष 2013-14 में 68 मिलियन टन वार्षिक कोयला उत्पादन से आगे बढ़ते हुए एनसीएल ने वर्ष 2025-26 में वार्षिक 140 मिलियन टन का ऐतिहासिक उत्पादन दर्ज किया है। इसी अवधि में कोयला वार्षिक प्रेषण 72 मिलियन टन से बढ़कर 137 मिलियन टन तथा विद्युत क्षेत्र को वार्षिक आपूर्ति 67 मिलियन टन से बढ़कर 118 मिलियन टन हो गई है, जिससे देश की ऊर्जा सुरक्षा को महत्वपूर्ण मजबूती मिली है।खनन क्षेत्र में तकनीकी उन्नयन को गति देते हुए एनसीएल के पास देश का सबसे बड़ा 23 ड्रैगलाइन वाला बेड़ा है जिसमें हाल ही में स्वर्णा एवं शक्ति जैसी ड्रैगलाइन शामिल हुई हैं । साथ ही विगत वर्षों में 20 क्यूबिक मीटर क्षमता के शोवेल व 190 टन क्षमता के डंपर शामिल किए हैं ।एनसीएल ने मेक इन इंडिया को बढ़ावा देते हुए अपने बेड़े में स्वदेशी बीएमएल की 20 क्यूबिक मीटर क्षमता की शोवेल व 190 टन के डंपर भी शामिल किए हैं। विगत 12 वर्षों में कंपनी ने विभिन्न परियोजनाओं में एफएमसी प्रणाली में वार्षिक क्षमता में लगभग 65 मिलियन टन की वृद्धि की है, जिससे कोयला परिवहन अधिक दक्ष एवं पर्यावरण-अनुकूल बना है।पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एनसीएल ने पिछले 12 वर्षों में 75 लाख से अधिक पौधारोपण किया है। वहीं नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में कंपनी की सौर ऊर्जा क्षमता शून्य से बढ़कर 51.7 मेगावाट तक पहुंच गई है।सामाजिक एवं क्षेत्रीय विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए एनसीएल ने पिछले 12 वर्षों में 5 हज़ार से अधिक युवाओं को सीधी भारती के माध्यम से रोजगार प्रदान किया है तथा सीएसआर के माध्यम से 1,370 करोड़ व्यय कर लगभग 10 लाख लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है।विश्वास, विकास और जनकल्याण के संकल्प के साथ एनसीएल देश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता एवं सतत विकास के लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्यरत है।

## नपाध्यक्ष व सीएमओ ने कराया गृह प्रवेश नए आवासों का किया भूमिपूजन

**छतरपुर।** नगर पालिका छतरपुर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को पक्के आवास उपलब्ध कराने का कार्य निरंतर जारी है। इसी क्रम में शनिवार को नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी माधुरी शर्मा ने पार्षदगण के साथ वार्ड क्रमांक 12 में पहुंचकर पीएमएवाई 1.0 के तहत निर्मित नए आवासों का गृह प्रवेश कराया तथा वार्ड क्रमांक 8 में पीएमएवाई 2.0 के अंतर्गत बनने वाले नए आवासों के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया।

गृह प्रवेश कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों और उनके परिवारों में उत्साह एवं खुशी का माहौल देखने को मिला। नपाध्यक्ष ज्योति चौरसिया ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के अपने पक्के घर के सपने को साकार कर रही है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका का प्रयास है कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समय पर पहुंचे।



उन्होंने हितग्राहियों को नए आवास की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पक्का घर मिलने से परिवारों को सुरक्षित, सम्मानजनक और बेहतर जीवन-यापन की सुविधा प्राप्त होगी। इस अवसर पर हितग्राहियों ने पक्का घर मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शासन एवं नगर पालिका के प्रति आभार जताया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी माधुरी शर्मा ने बताया कि योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने की प्रक्रिया आगे भी निरंतर जारी रहेगी। कार्यक्रम में पार्षद, उपयंत्री, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।

## पिता की सीख

**छतरपुर।** हर बच्चा अपने पिता से जीवन के अनेक महत्वपूर्ण गुण सीखता है। पिता द्वारा दी गई सीख और संस्कार ही उसे जीवनभर हर परिस्थिति में स्वयं को ढालने तथा सही निर्णय लेने की शक्ति प्रदान करते हैं। उनके अनुभव और ज्ञान का भंडार कभी समाप्त नहीं होता, बल्कि समय-समय पर संतान का मार्गदर्शन करता रहता है।मेरे पिता हमेशा मुझे हार न मानने और निरंतर आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते थे। वे मेरा हौसला बढ़ाते थे और हर कठिन परिस्थिति में मेरा साथ देते थे। पिता जी मेरे सच्चे मित्र, मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत थे। उनसे मैंने जीवन की अनेक अच्छी बातें सीखीं, लेकिन उनकी एक सीख ने मेरे जीवन पर सबसे अधिक प्रभाव डाला। उन्होंने सिखाया कि विपरीत परिस्थितियों में कभी घबराना नहीं चाहिए, बल्कि समस्याओं के सामने डटकर खड़ा होना चाहिए। उनका मानना था कि हर समस्या का समाधान होता है। यदि ईमानदारी, मेहनत और निरंतर प्रयास के साथ संघर्ष किया जाए, तो अंततः सफलता अवश्य मिलती है। कठिन से कठिन समय में भी उन्होंने धैर्य, साहस और कर्मठता का परिचय दिया, जो मेरे लिए आज भी प्रेरणा का स्रोत है। आज मेरे पिता इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनकी दी हुई सीख, संस्कार और प्रेरणा मेरे जीवन के हर मोड़ पर मेरा मार्गदर्शन करती है। जब भी कोई कठिनाई सामने आती है, उनके शब्द मुझे नई शक्ति और आत्मविश्वास देते हैं। मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानती हूँ कि मुझे ऐसे पिता का सान्निध्य और मार्गदर्शन मिला।



**श्रीमती निशा अवस्थी**
नरसिंहगढ़ पुरवा, पुराना पन्ना नाका
छतरपुर (मध्य प्रदेश)

## लिफ्ट देकर लूट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार डेढ़ लाख की सामग्री व बाइक बरामद



**छतरपुर।** चौकी घुवारा एवं थाना भगवा पुलिस ने लिफ्ट देकर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटी गई सामग्री एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार विगत माह फरियादी घनश्याम अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बस स्टैंड घुवारा से मोटरसाइकिल पर लिफ्ट देने के बहाने दो युवकों ने उसे ग्राम चंदौली के पास ले जाकर लूट की घटना को अंजाम दिया। शिकायत के आधार पर थाना भगवा में भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर संदिग्धों की तलाश शुरू की। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन एवं प्रकरण की लगातार मॉनिटरिंग के दौरान पुलिस ने आरोपी वजीर खान पिता भूले खान निवासी मोहनगढ़ तिगड्डा, जिला टीकमगढ़ तथा शहीद उर्फ मुंती खान पिता कपूर खान निवासी बीड़ी कॉलोनी, टीकमगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटा गया सोने का ताबीज, नगद राशि तथा घटना में प्रयुक्त पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की है, जिसकी कुल कीमत करीब 1.50 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी वजीर खान पूर्व में लूट, चोरी, अवैध वसूली एवं मारपीट सहित 4 मामलों में तथा मुंती खान लूट एवं चोरी के 2 मामलों में संलिप्त रहा है। इस कार्रवाई में एसडीओपी बड़ा मलहरा रोहित अलावा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भगवा निरीक्षक सुरभि शर्मा, चौकी प्रभारी घुवारा उप निरीक्षक किशोर पटेल, एएसआई शिवराम नायक, प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र चतुर्वेदी सहित पुलिस टीम एवं नगर रक्षा समिति के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### सर्पदंश से घबराएं नहीं बरते सावधानी - एक घंटे के भीतर एंटीवेनम इंजेक्शन लगवाएं

रीवा। वर्तमान में बारिश होने के साथ वातावरण में लगातार तापमान अधिक रहता है। साँप तथा अन्य जीव-जंतुओं के छिपने के स्थानों में पानी भर जाने के कारण उनका सतह पर विचरण शुरू हो जाता है। इसलिए बारिश में साँप एवं अन्य जहरीले जंतुओं के काटने की घटनाएं होती हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने आमजनता को सर्पदंश से बचाव तथा उपचार की सलाह दी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा है कि विन्ध्य क्षेत्र में प्रमुख रूप से तीन जहरीले सांपों, करैत, रसेल वाइपर तथा कोबरा के काटने के कारण मौत की घटनाएं होती हैं। साँप काटने के बाद एक घण्टे की अवधि में सही उपचार होने पर पीड़ति की जान आसानी से बचाई जा सकती है। साँप काटने के तत्काल बाद निकट के अस्पताल जाकर एक घण्टे के भीतर एंटीवेनम इंजेक्शन लगवाएं। यह इंजेक्शन रीवा जिले के सभी विकासखण्डों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं जिला अस्पताल में उपलब्ध है। समय पर इंजेक्शन लगने पर जान का खतरा समाप्त हो जाता है। डॉ. त्रिपाठी ने कहा है कि साँप काटने के स्थान पर तीखी जलन होती है। पीड़ति को अवसाद, उल्टी आना, लकवा तथा आँख की पुतलियों के फैल जाने के लक्षण दिखाई देते हैं। विष का प्रकोप होने के बाद पीड़ति में माँसपेसियों में ऐंठन और चेतनाहीनता हो जाती है। इसके बाद साँस रूकने से मौत हो जाती है। विष का सर्वाधिक असर तंत्रिका तंत्र और साँस लेने में होता है। कई बार साँप के काटने के स्थान पर सूजन आ जाती है तथा काटा हुआ स्थान काला पड़ जाता है। साँप काटने के बाद हाथ पैरों में झनझनाहट, चक्कर आना, पसीना छूटना, दम घुटना जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। सर्पदंश के बाद तत्काल अस्पताल जाकर पीड़ति का उपचार कराएं। झोलाछाप डाक्टरों तथा झाड़फूक करने वालों के चक्कर में पड़कर समय न गवाएं। सर्पदंश से पीड़ति के काटने के स्थान से थोड़ा ऊपर हल्की पट्टी बांधे। काटने के स्थान पर चीरा भी न लगाएं इससे संक्रमण का खतरा रहता है। डॉ. त्रिपाठी ने कहा है कि सर्पदंश तथा अन्य जहरीले कीड़ों के काटने से बचने के लिए कुएं, अंधेरे गड्ढे, झाड़ियों आदि में हाथ न डालें। घर से बाहर निकलते समय जूते अवश्य पहनें। ठंडे, अंधेरे और नम स्थानों में साँप छिपते हैं, ऐसे स्थानों में जाने से बचें। सावधानी ही सबसे बड़ी सुरक्षा है।

### रक्तदान शिविर का आयोजन आज

रीवा। सामाजिक संस्था किरण सेवा संस्थान द्वारा 21 जून विश्व योग दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान दिवस का आयोजन किया जा रहा है। शिविर संस्थान के कार्यालय नेहरू नगर बस स्टैंड के सामने सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा। संस्थान के सचिव डॉ. अभय मिश्रा ने बताया कि शिविर का आयोजन जिला रेडक्रास समिति एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया जा रहा है। शिविर में 18 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकते हैं। आपके रक्त से गंभीर रोगियों के जीवन की रक्षा होती है। रक्तदान पीड़ति मानवता की सेवा का सबसे बड़ा साधन है। सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में रीवा को मिला ए ग्रेड रीवा। जन समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के क्षेत्र में रीवा जिले ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के प्रभावी निराकरण के आधार पर रीवा जिले को प्रदेश स्तर पर 'ए' ग्रेड प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि जिला प्रशासन की सतत मॉनिटरिंग, पारदर्शी कार्यप्रणाली और अधिकारियों-कर्मचारियों के समन्वित प्रयासों का परिणाम मानी जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन द्वारा सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों का समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। शिकायतों की नियमित समीक्षा, विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय बैठकें तथा शिकायतकर्ताओं को संतुष्टिपूर्ण समाधान उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। जिले में प्राप्त शिकायतों के निराकरण की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। कलेक्टर कार्यालय स्तर पर नियमित समीक्षा बैठकों का आयोजन किया जाता है, जिसमें लंबित प्रकरणों की स्थिति का परीक्षण कर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाते हैं। इसी प्रभावी मॉनिटरिंग व्यवस्था के कारण जिले की रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने इस उपलब्धि पर सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप नागरिकों को समय पर राहत एवं न्याय दिलाना प्रशासन की जिम्मेदारी है और इसी उद्देश्य के साथ सभी विभाग कार्य कर रहे हैं।

**रीवा से सीधी, सिंगरौली रेलवे लाइन का कार्य दिसंबर 2028 तक पूरा करने के निर्देश**

# ललितपुर, सिंगरौली रेलवे लाइन विन्ध्य के विकास को नया आयाम देगी - उप मुख्यमंत्री

रीवा

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में ललितपुर, सिंगरौली रेलवे लाइन के कार्यों की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि ललितपुर सिंगरौली रेलवे लाइन का कार्य पूरा होते ही विन्ध्य क्षेत्र में तेजी से विकास होगा। सिंगरौली के कोयला भण्डारों, सतना के सीमेंट भण्डार और अन्य उत्पादों को राष्ट्रीय बाजारों से जुड़ने का मौका मिलेगा। सतना, रीवा, सीधी से सिंगरौली तक की रेलवे लाइन का निर्माण कार्य दिसंबर 2028 तक पूरा करायें। सीधी और सिंगरौली कलेक्टर निर्माण कार्यो के लिए आवश्यक भूमि तत्परता से उपलब्ध करायें। निर्माण कार्यों की सभी बाधाएं दूर कर तेजी से निर्माण कार्य करायें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सतना से रीवा और रीवा से सीधी तक रेलवे लाइन का कार्य पूरा हो चुका है। सीधी से सिंगरौली के बीच बनाये जाने वाले 14 रेल टनल का निर्माण तेजी से करायें। रेलवे लाइन के निर्माण में जनप्रतिनिधि और प्रशासन रेलवे को पूरा सहयोग करेंगे। रेलवे के अधिकारी कलेक्टर द्वारा आयोजित साप्ताहिक टीएल बैठक में उपस्थित होकर निर्माण कार्य से जुड़ी बातें रखें। कलेक्टर उनकी सभी कठिनाईयों को दूर रखेंगे। ललितपुर सिंगरौली रेलवे लाइन




का निर्माण कार्य पूरा होने पर विन्ध्य के विकास को नया आयाम मिलेगा। बैठक में सांसद रीवा जनार्दन मिश्रा ने कहा कि रेलवे के अधिकारी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। रेल परियोजना और रीवा रेलवे स्टेशन के विकास से जुड़े निर्माण कार्यों का पूरा होने पर समारोहपूर्वक लोकार्पण करायें। निर्माण कार्यों को तय समय सीमा में पूरा करें। बैठक में सांसद सीधी डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि सीधी में बहरी तक रेलवे लाइन के निर्माण की सभी बांधायें दूर कर दी गई हैं। गोपद नदी में पुल और टनलों का निर्माण तत्काल शुरू करायें। बरगवां, मड़वास और व्यौहारी रेलवे स्टेशन में आवश्यक निर्माण कार्य कराके सुविधाओं का विकास करें। बैठक में रेलवे के डीआरएम केके तलरेजा ने बताया कि दिसंबर 2028 तक सिंगरौली तक रेलवे लाइन का निर्माण कार्य पूरा हो जायेगा। सीधी से सिंगरौली के बीच 14 में से 4 का टनल कार्य शुरू हो गया है। रीवा रेलवे स्टेशन में शेष निर्माण कार्य 30 सितंबर तक पूरा कराकर इसका लोकार्पण किया जायेगा। प्रशासन से रेलवे को अच्छा सहयोग मिल रहा है अब सभी निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा में पूरे किये जायेंगे। जुलाई माह के अंत तक चुरहट तथा 31 अगस्त तक ट्रेन को सीधी तक पहुंचा देंगे। सीधी स्टेशन का कार्य लगभग पूरा हो गया है। सतना से पन्ना के बीच देवेन्द्र नगर तक कार्य पूरा हो गया है। खजुराहों से पन्ना जिले के अजयगढ़ तक कार्य तेजी से जारी है। घाटी होने के कारण पन्ना से अजयगढ़ सेक्सन में कठिनाई आ रही है। बैठक में ग्राम चंदवाई स्टेशन के लिए भू अर्जन तथा सिंगरौली जिले में रेलवे लाइन का निर्माण कार्य तेजी से शुरू कराने के संबंध में निर्णय लिया गया। बैठक में कमिश्नर रीवा बीएस जामोद ने कहा कि रेलवे को प्रशासनिक अधिकारी पूरा सहयोग करेंगे। बैठक में कलेक्टर सीधी विकास कुमार मिश्रा तथा कलेक्टर सिंगरौली गौरव बैनल, वीडियो कान्फ्रेंसिंग से शामिल हुए। बैठक में पुलिस अधीक्षक गुरूकरन सिंह, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी तथा रेलवे के अधिकारी एमएस हाशमी, दिलीप सिंह, सीएल मीणा, इन्द्रजीत वर्मा तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास स्पोर्टस काम्पलेक्स में आज

उप मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि

रीवा। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाएगा। योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनार्दन मिश्र करेंगे।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल तथा सांसद श्री मिश्र विश्व योग दिवस कार्यक्रम में सामूहिक योगाभ्यास में शामिल होंगे। समारोह में जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि, विद्यार्थी तथा आमजन शामिल होकर योग से निरोग काया का संदेश देंगे। इस संबंध में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि विश्व योग दिवस का कार्यक्रम 21 जून को सुबह 6 बजे से आरंभ होगा। सामूहिक योगाभ्यास में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागी सुबह 6 बजे तक स्पोर्टस काम्पलेक्स में एकत्रित होंगे। सुबह 6 बजे से 6.30 बजे तक मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का उद्बोधन होगा। कार्यक्रम में सुबह 6.30 बजे से 7 बजे तक कोलकाता में आयोजित राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया जायेगा। इसमें सुबह 6.45 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व योग दिवस पर आमजनों को संबोधित करेंगे। सुबह 7 बजे से 7.45 बजे तक निर्धारित प्रोटोकाल के अनुसार योगाभ्यास किया जायेगा। मुख्य समारोह के साथ-साथ जिले के सभी शासकीय और अशासकीय शिक्षण संस्थानों, औद्योगिक संस्थानों, सेंट्रल जेल तथा आयुष विभाग के सभी आरोग्य मंदिरों में भी सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर ने आमजनों से विश्व योगदिवस में सामूहिक योगाभ्यास में शामिल होने की अपील की है।

**अंतिम संस्कार से पहले पुलिस ने रोका, फिर अस्पताल पहुंचाया**

## एसजीएमएच में मॉर्च्युरी से बिना पोस्टमार्टम के शव ले गए परिजन

**उल्टी-दस्त से युवक की मौत पर परिजनों ने जताई थी आशंका, एमएलसी बनने के बाद शव रखा गया था मॉर्च्युरी में**

रीवा। संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय में शनिवार को उस समय हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई, जब अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखा गया एक शव अचानक गायब मिला। जांच करने पर पता चला कि मृतक के परिजन बिना किसी अनुमति और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी किए शव को अपने साथ ले गए थे तथा अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे। मामले की जानकारी मिलते ही अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस हस्तक्षेप से अंतिम संस्कार रुकवाकर शव को दोबारा पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल लाया गया। मामला जिले के गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कनौजा का है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी मुकेश बसल को उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान गुरुवार देर रात उसकी मृत्यु हो गई। युवक की अचानक हुई मौत को लेकर परिजनों ने



संदेह व्यक्त किया था। परिजनों का कहना था कि स्वस्थ और युवा अवस्था में अचानक हुई मौत के कारणों की जांच होना चाहिए। परिजनों द्वारा मौत पर आशंका जताए जाने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने मामले को मेडिको-लीगल केस (एमएलसी) मानते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मॉर्च्युरी में सुरक्षित रखवा दिया था,नियमानुसार पोस्टमार्टम के बाद ही शव परिजनों को सौंपा जाना था, लेकिन शनिवार सुबह अस्पताल कर्मियों ने जब मॉर्च्युरी का निरीक्षण किया तो संबंधित शव वहां मौजूद नहीं मिला। इससे अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि मृतक के परिजन बिना किसी औपचारिक अनुमति के शव को अपने साथ गांव ले गए थे। शव के मॉर्च्युरी से गायब होने की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस और अस्पताल प्रशासन ने परिजनों से संपर्क स्थापित किया। बताया गया कि कनौजा गांव में परिजन और ग्रामीण मृतक के अंतिम संस्कार की तैयारी कर चुके थे। इसी दौरान पुलिस टीम गांव पहुंची और परिजनों को पोस्टमार्टम की कानूनी अनिवार्यता से अवगत कराया। पुलिस अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने परिजनों से चर्चा कर उन्हें समझाइश दी कि मृत्यु के कारणों की पुष्टि के लिए पोस्टमार्टम आवश्यक है। स्थानीय सरपंच तथा अन्य जनप्रतिनिधियों के प्रयासों के बाद परिजन शव को पुनः अस्पताल लाने के लिए तैयार हुए। इसके बाद शव को संजय गांधी अस्पताल लाया गया, जहां पोस्टमार्टम होने के बाद शव को पुनः परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही युवक की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## पिस्टल लहराकर भौकाल बनाने वाला युवक गिरफ्तार वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने की कार्रवाई

रीवा। शहर में अवैध हथियारों के प्रदर्शन और सोशल मीडिया पर भौकाल बनाने की प्रवृत्ति पर लगाम कसते हुए समान थाना पुलिस ने एक युवक को अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी का दो दिन पूर्व सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह चलती मोटरसाइकिल पर सवार होकर पिस्टल लहराते हुए नजर आ रहा था। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी। वहीं बीती रात सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान दिनेश गिरी निवासी सिरमौर के रूप में हुई है, जो वर्तमान में रीवा शहर के समान थाना क्षेत्र अंतर्गत संजय नगर में निवास करता है। आरोपी के पास से एक अवैध पिस्टल बरामद की गई है। मिली जानकारी के अनुसार दो दिन पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें दो युवक चलती मोटरसाइकिल पर सवार होकर हाथों में पिस्टल और बेसबॉल का डंडा लेकर खुलेआम प्रदर्शन कर रहे थे। वीडियो कॉल के दौरान बनाई गई इस रीलनुमा वीडियो में आरोपी पिस्टल लहराते हुए दिखाई दे रहा था। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की पुलिस के अनुसार शुक्रवार देर रात सूचना मिली कि रतहरी नहर के पास एक युवक



अवैध पिस्टल लेकर लोगों को डरा-धमका रहा है और क्षेत्र में उत्पात मचा रहा है। सूचना मिलते ही समान थाना पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर आरोपी भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से अवैध पिस्टल बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया कि उसके पास हथियार कहां से आया। पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी किसी आपराधिक गिरोह से जुड़ा है या फिर सोशल मीडिया पर दबदबा बनाने के उद्देश्य से हथियार का प्रदर्शन कर रहा था।

## रीवा में 13 केन्द्रों में आज होगी नीट यूजी की परीक्षा - 5399 परीक्षार्थी होंगे शामिल

रीवा। रीवा जिले में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा नीट यूजी की प्रवेश परीक्षा 21 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक आयोजित की जा रही है। परीक्षा के लिए रीवा में 13 केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें टीआरएस कालेज, केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक एक, एसके स्कूल, मॉडल हायर सेकण्डरी स्कूल, पीके सांदीपनि हायर सेकण्डरी स्कूल, मार्तण्ड उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक एक, पॉलिटेक्निक कालेज, मार्तण्ड विद्यालय क्रमांक दो तथा गवर्मेंट हायर सेकण्डरी स्कूल क्रमांक एक शामिल हैं। शासकीय कन्या महाविद्यालय, शासकीय विधि महाविद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक दो तथा गवर्मेंट हायर सेकण्डरी स्कूल क्रमांक दो में भी परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। प्रवेश परीक्षा में कुल 5399 विद्यार्थी शामिल होंगे। विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए सुबह 11.30 बजे से परीक्षा केन्द्र खुल जाएंगे। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा है कि पुलिस अधीक्षक प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में एक पुलिस अधिकारी तथा कम से कम चार सुरक्षाकर्मी तैनात करें। सुरक्षाकर्मियों में 50 प्रतिशत महिला पुलिसकर्मी शामिल होंगी। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में कम से कम एक एएसआई स्तर का पुलिस अधिकारी तैनात करें। परीक्षा के प्रश्नपत्र बैंक में सुरक्षित रखे गए हैं। बैंक से प्रत्ये परीक्षा केन्द्र के लिए पृथक वाहन में प्रश्नपत्र भेजे जाएंगे। पुलिस अधीक्षक इन वाहनों की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक पुलिस बल तैनात करें। कलेक्टर ने कहा है कि आयुक्त नगर निगम सभी परीक्षा केन्द्रों में परीक्षार्थियों के अभिभावकों के बैठने के लिए पण्डाल की व्यवस्था करें। इसमें पेयजल, ग्लूकोज तथा ओआरएस के पैकेट भी उपलब्ध कराएं। परीक्षा केन्द्रों में सफाईकर्मी भी तैनात रखें। अधीक्षण यंत्री विद्युत मंडल सभी परीक्षा केन्द्रों में 20 और 21 जून को बिजली की निरंतर आपूर्ति चालू रखें। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में बिजली की आपूर्ति के लिए वैकल्पिक व्यवस्था भी कराएं। कलेक्टर ने अधीक्षक डाकघर को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा निर्धारित प्रोटोकाल के अनुसार गोपनीय परीक्षा सामग्री को सुरक्षित रखने तथा समय पर वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

### नीट परीक्षा के लिए बनाया गया कंट्रोल रूम

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा नीट यूजी की परीक्षा 21 जून को आयोजित की जा रही है। रीवा जिले में 13 परीक्षा केन्द्रों में यह प्रवेश परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा में आवश्यक व्यवस्थाओं के समन्वय के लिए कलेक्ट्रेट रीवा में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम बनाया गया है। इस संबंध में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया है कि कंट्रोल रूम का प्रभारी अधिकारी डिप्टी कलेक्टर राकेश चौरसिया को बनाया गया है। कंट्रोल रूम में परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास जीवेन्द्र सिंह, सहायक वर्ग दो आशुतोष पाण्डेय तथा भृत्य राहुल त्रिपाठी को तैनात किया गया है। प्रभारी अधिकारी सहित कंट्रोल रूम में तैनात सभी अधिकारी और कर्मचारी 21 जून को सुबह 8 बजे से तैनात रहेंगे। कंट्रोल रूम का फोन नम्बर 07662-255143 है। कंट्रोल रूम प्रभारी का मोबाइल नम्बर 6265666659 है।

## थाना मनगवां नाबालिक से दुष्कर्म करने वाले 2 आरोपियों को मनगवां पुलिस ने किया गिरफ्तार

रीवा। पुलिस अधीक्षक रीवा गुरकरन सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (देहात) संदीप मिश्रा के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनुभाग मनगवां प्रतिभा शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मनगवां निरीक्षक पुष्पेन्द्र व हमराह पुलिस स्टाफ की मदद थाना मनगवां के अप.क्र. 365/2026 के आरोपीगण अमित कुमार साकेत, वंशगोपाल प्रजापति को गिरफ्तार किया गया है। जिसके संबंध में नाबालिक/पीडिता जो अपने परिजनो के साथ थाना मनगवां मे रिपोर्ट लेख कराई थी कि आरोपीगणो उपरोक्त द्वारा नाबालिक/पीडिता के साथ छेडकानी करते हुये अपने साथ ले जाकर गलत काम (बलात्कार) किया गया है। पीडिता की रिपोर्ट पर आरोपीगणो के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। थाना स्तर पर पुलिस टीम गठित कर व तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुये प्रकरण के आरोपीगणो को गिरफ्तार किया गया है।



गिरफ्तार आरोपी अमित कुमार साकेत पिता विद्यार्थी प्रसाद साकेत उम्र 29 वर्ष नि. पचपहरा थाना मनगवां जिला रीवा (म.प्र.), वंशगोपाल प्रजापति उर्फ सोनू पिता सूर्यभान प्रजापति उम्र 30 वर्ष नि. तिवनी थाना मनगवां जिला रीवा।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, युवक गंभीर,चालक वाहन सहित फरार

रीवा। जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपरी मोड़ के समीप शनिवार दोपहर एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल उपचार के लिए संजय गांधी स्मृति चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस फरार चालक और वाहन की तलाश में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पल्हन निवासी रावेन्द्र पांडेय दोपहर के समय बैकुंठपुर से अपने गांव की ओर बाइक से लौट रहे थे। जैसे ही वह बैकुंठपुर-सिरमौर मार्ग पर स्थित पिपरी मोड़ के समीप पहुंचे, उसी दौरान सिरमौर की ओर से रीवा जा रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और युवक सड़क पर कई फीट दूर जाकर गिर पड़ा। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल घायल युवक को संभाला और पुलिस को सूचना दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के बाद कार चालक बिना रुके वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल को प्राथमिक सहायता उपलब्ध कराई, जिसके बाद पुलिस की मदद से उसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। सूचना मिलते ही बैकुंठपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। वहीं फरार वाहन और चालक की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

### रतनगवां में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन,157 हितग्राहियों को मिला स्वास्थ्य लाभ

मऊगंज जिले के उप स्वास्थ्य केंद्र रतनगवां मे सिविल अस्पताल मऊगंज तथा संपूर्ण सुरक्षा केंद्र मेडिकल कॉलेज रीवा के संयुक्त तत्वाधान में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज दिनांक 20/06/2026 को किया गया जिसमे जिला क्षय अधिकारी डॉ अनुराग शर्मा के निर्देशानुसार एवं बीएमओ डॉ प्रदुमन के मार्गदर्शन में किया गया जिसमे 157 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ स्वाथ्य शिविर में डॉ हरीश कुमार सोनी, तथा डॉ रूबी श्रीवास्तव, डॉ आर.डी सकेत ,ने हितग्राहियों का स्वाथ्य परीक्षण किया स्वास्थ्य शिविर में 32 लोगो का स्पुटम जॉच हेतु एकत्रित किया गया शिविर में 132 एच आई व्ही वी,132 हेपेटाइटिस बी , हेपेटाइटिस सी, जिसमें 01 हेपेटाइटिस बी पॉजिटिव ,और 67 मरीजो का बी पी तथा 62 मरीजों का शुगर जांच की गई एएन सी जांच 14,तथा चर्म रोग 02 लोगों को चिन्हित किया गया और 04 एक्लाइंट एस टी आई की शिकायत बताई गई और 61 मलेरिया जांच की गई, और जानकारी दी गई ,सभी का सफल स्वास्थ्य परीक्षण किया गया इस स्वास्थ्य शिविर में सेक्टर सुपरवाइजर रमानिवास तिवारी, प्रभारी बी ई ई संतोष चतुर्वेदी, सेक्टर सुपरवाइजर हिंछलाल मिश्रा,एस एस के मैनेजर पुष्पराज विश्वकर्मा,एल टी अब्दुल कादिर अंसारी, एमआई बृजेन्द्र तिवारी, प्रभारी एसटीएलएस विवेचना मिश्रा, काउंसलर अनिरुद्ध सिंह, एल टी उदयप्रकाश पटेल, फार्मासिस्ट संदीप सिंह, सीएचओ निलेश पटेल,सीएचओ संदीप साकेत ,एएनएम अर्चना पुष्कर,एएनएम अल्का मिश्रा, एसएसके ओ आर डब्ल्यू जैनेन्द्र श्रीवास्तव,डीईओ राजेश श्रीवास्तव,आशा पर्यवेक्षक ज्योति पांडेय,तथा सभी आशा उपस्थित रहकर स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाया

### नईगढी मे शिक्षकों एवं छात्रों को नशा न करने की शपथ और हस्ताक्षर अभियान का हुआ आयोजन

मऊगंज। जिले के नईगढी विकासखण्ड के अंतर्गत सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भीर में नशामुक्त भारत अभियान मे रमाशिव बहुउद्देशीय विकास समिति द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ₹नशा मुक्त भारत, विकसित भारत की पहचान₹ विषय पर आयोजित कार्यक्रम में छात्रो एवं शिक्षकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम के दौरान 17 जून से 26 जून 2026 तक संचालित नशा मुक्त भारत सप्ताह के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। विद्यालय के प्राचार्य देवेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को नशा न करने तथा अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई। साथ ही सभी प्रतिभागियों से ई-प्लेज कराकर डिजिटल प्रमाण-पत्र भी तैयार कराए गए।संस्था अध्यक्ष विक्रांत द्विवेदी ने अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि इसका उद्देश्य समाज में नशे के बढ़ते दुष्प्रभावों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा लोगों को स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।विद्यालय के शिक्षकों ने अपने संबोधन में कहा कि मादक पदार्थों का सेवन व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए घातक है। नशा न केवल स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि अनेक सामाजिक एवं आर्थिक समस्याओं को भी जन्म देता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेलकूद एवं रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में बाल गृह अधीक्षक सुनील, बीनू यादव, विद्यालय के शिक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी, राजेश सिंह, मनोज कुमार माझी, ममता चौहान, तारावती साकेत, यजभान साकेत, संतोष, मुनीमलाल साकेत, विजय, राहुल, राजेश, वंदना कुशवाहा, सुधा साकेत, श्याम किशोर सहित अन्य शिक्षकों, पदाधिकारियों एवं विद्यार्थियों का विशेष सहयोग रहा। सभी ने नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाने का संकल्प लिया।

## पीएम आवास योजना के तहत 10 हितग्राहियों को मिला अपने घर का सपना, कराया गया गृह प्रवेश



रीवा। शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अंतर्गत बीएलसी एवं एएचपी श्रेणी के हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराने तथा जिन आवासों का निर्माण होना है, उनका भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किए जाने के साथ ही बीएलसी हितग्राहियों की प्रथम एवं द्वितीय किस्त की राशि अंतरण की कार्यवाही करने के निर्देश जारी किए गए थे। शनिवार को निगम आयुक्त अक्षत जैन के निर्देशानुसार वार्ड 45 अंतर्गत 35 हितग्राहियों, जिनमें लक्ष्मी कुशवाहा, आशुतोष विश्वकर्मा, अनीश खान, जीवेश प्रताप सिंह, विजय लक्ष्मी चौहान, शिवदत्त त्रिपाठी, रमेश कुमार बंसकार आदि शामिल हैं, को एक-एक लाख रुपये की प्रथम किस्त तथा 71 हितग्राहियों, जिनमें संगीता कुशवाहा, सलमा बेगम, गनेश यादव, सुधा जैसवाल, दुर्गा सोधिया, दद्दोल सोनीराम, राजेन्द्र कुशवाहा, सुनील कुमार शुक्ला आदि शामिल हैं, की द्वितीय किस्त हस्तांतरित किए जाने की कार्यवाही की गई। इसी के साथ 10 हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया गया। इनमें विनोद बंसल, गनेशिया बंसल, विक्रम बंसल, विजय बहादुर कोल, माया देवी कोल, प्रीति वर्मा, कुंवर बहादुर सिंह, तेरसिया कोल आदि शामिल हैं। साथ ही बीएलसी हितग्राहियों के आवास निर्माण हेतु भूमिपूजन कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कराया गया। इनमें राजेश साकेत, रमेश साकेत, रमेश कुमार बंसकार, ज्योति यादव, विक्रम चन्द्र बंसल, उमेश बसोर, उर्मिला बंसल आदि शामिल हैं।

## चोरी का विरोध करना पड़ा महंगा: नकाबपोश बदमाशों ने पार्किंग कर्मचारी को बेरहमी से पीटा, हाथ-पैर में गंभीर चोट

रीवा। शहर के अमहिया थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रकाश चौराहा के समीप स्थित पार्किंग स्थल पर बीती रात चोरी की नीयत से पहुंचे तीन नकाबपोश बदमाशों ने ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी के साथ लाठी-डंडों से जमकर मारपीट कर दी। घटना में कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित की शिकायत पर अमहिया थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, घायल कर्मचारी कैलाश सोनी बीती रात अपनी नियमित ड्यूटी पर तैनात था। रात करीब 2 से 2:30 बजे के बीच तीन अज्ञात नकाबपोश युवक पार्किंग परिसर के आसपास संदिग्ध गतिविधियां करते हुए पहुंचे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बदमाश चोरी की वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। जब पार्किंग



कर्मचारी कैलाश सोनी ने उन्हें रोकने और वहां से जाने के लिए कहा, तो आरोपी आक्रोशित हो गए। प्जानकारी के अनुसार तीनों बदमाशों ने कर्मचारी पर अचानक हमला बोल दिया और लाठी-डंडों से उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। हमले में कैलाश सोनी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं शोर-शराबा होने पर आसपास के लोगों की हलचल बढ़ी तो आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद घायल कर्मचारी को तत्काल उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उसका इलाज जारी है। पीड़ित ने अस्पताल में उपचार के दौरान पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी और आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।